तापमान

अधिकतम 46.2 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 19 मई 2026

11 विधायक ने जनता दरबार में लोगों की शिकायतें सुनीं



12 हरियाणा खेल विवि में अंडर-23 बॉक्सिंग ट्रायल्स...



## खबर संक्षेप

### शाहपुर तगा में गड्ढे से मिला मजदूर का शव

**गन्नौर।** गांव शाहपुर तगा में सोमवार सुबह एक गड्ढे में मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी 32 वर्षीय भंतू के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह कुछ दिन पहले ही गन्नौर की अंतरराष्ट्रीय मंडी में दिहाड़ी मजदूरी करने आया था। जानकारी के अनुसार भंतू पिछले दो दिनों से लापता था। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शाहपुर तगा स्थित गड्ढे में उसका शव पड़ा देखा और मामले की सूचना थाना बड़ी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह शराब पीने का आदी था।

### महिला से मोबाइल झपटकर युवक फरार

**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के पास एक महिला से मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालवीय नगर निवासी ज्योति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 मई की रात वह रेलवे रोड क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान एक युवक अचानक उसके पास आया और हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाकर आसपास लोगों की मदद से आरोपित की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

### जूस कॉर्नर में काम करने वाली युवती की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत

सोनीपत। गोहाना रोड स्थित एक जूस कॉर्नर पर काम करने वाली युवती की दूसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान बिहार के किशनगंज निवासी ममता के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह कुछ दिन पहले ही अपने भाई और भाभी के साथ सोनीपत आई थी और गोहाना रोड स्थित जूस कॉर्नर पर रह रही थी। रविवार देर रात वह संदिग्ध परिस्थितियों में इमारत की दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई। घटना के बाद जूस कॉर्नर संचालक ने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। संचालक चंद्रपाल ने पुलिस को बताया कि युवती पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में रहती थी। फिलहाल पुलिस मृतका के भाई और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

# ऑटो के किराये में 50 फीसदी की बढ़ोतरी

## सोनीपत-बहालगढ़, कुंडली बॉर्डर और जीटी रोड रूट पर पहले दस रुपये लगते थे, अब सीधे बीस रुपये

## ऑटो यूनियन ने तेल महंगा होने पर किराए में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का लिया फैसला

### शहर में पुराना किराया ही लागू

- पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ने से आमजन की जेब पर बढ़ा बोझ, शहर में फिलहाल पुराना किराया लागू
- ऑटो चालकों का दावा- बढ़ते ईंधन और मेंटेनेंस खर्च से चलाना मुश्किल, यात्रियों का बिगड़ने लगा मासिक बजट
- राई, कुंडली और बड़ी औद्योगिक क्षेत्रों में काम पर जाने वाले हजारों लोग रोजाना ऑटो सेवा पर निर्भर

> यूनियन ने आपसी सहमति के बाद प्रमुख रूटों पर किराया बढ़ाने का फैसला लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ने का असर अब आमजन की जेब पर साफ दिखाई देने लगा है। जिले में ऑटो चालकों ने किराये में सीधे 10 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी है।

### ऑटो चालकों की मनमानी

इससे रोजाना सफर करने वाले नौकरीपेशा लोगों, मजदूरों और विद्यार्थियों का मासिक बजट बिगड़ने लगा है। सोनीपत से बहालगढ़, कुंडली बॉर्डर और मुरथल रूट पर पहले जहां 10 रुपये प्रति सवारी किराया लिया जाता था, वहीं अब 20 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। कई स्थानों पर ऑटो चालक मनमाने ढंग से 15 से 20 रुपये तक किराया मांग रहे हैं। हालांकि सोनीपत ऑटो यूनियन का दावा है कि तीनों रूट पर किराए के रूप में 10 रुपये बढ़ाकर सीधे 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

### ये बोले यूनियन प्रधान

ऑटो यूनियन के कार्यकारी प्रधान रामकुमार ने बताया कि पेट्रोल-डीजल में तीन रुपये और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी होने से चालकों की कमाई प्रभावित हुई है। वाहन की मेंटेनेंस और अन्य खर्च भी लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में किराया बढ़ाना मजबूरी बन गया है। यूनियन ने आपसी सहमति के बाद प्रमुख रूटों पर किराया बढ़ाने का फैसला लिया है। हालांकि शहर के अंदर चलने वाले ऑटो और ई-रिक्शा का पुराना किराया अभी बरकरार रखा गया है और प्रति सवारी 15 रुपये ही लिए जा रहे हैं। वहीं जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस के करीब 222 पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं। फिलहाल सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।




सोनीपत। गीता भवन चौक पर ऑटो चालक से किराया पूछती महिला।

### ऑटो में सफर से बढ़ा 520 रुपये मासिक खर्च

बता दें कि पेट्रोल-डीजल की खपत के मामले में हरियाणा देश में 9वें स्थान पर है। केंद्र सरकार ने 15 मई को प्रदेश में पहली बार पेट्रोल और डीजल के दामों में एक साथ 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर लोगों को बड़ा झटका दिया है। ईंधन महंगा होने से वाहन चलाने का खर्च बढ़ गया है और महंगाई का असर आमजन की जेब पर साफ दिखाई देने लगा है। सोनीपत से कुंडली बॉर्डर तक पहले 40 रुपये खर्च करने वाले लोगों को अब 50 रुपये देने पड़ रहे हैं। वहीं मुरथल, गन्नौर, कुंडली और राई रूट पर 10 रुपये की जगह 20 रुपये तक किराया वसूला जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति महीने में 26 दिन ऑटो से सफर करता है, तो उसे आने-जाने में करीब 520 रुपये अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा।

### इनकी जेबों पर पड़ा अतिरिक्त आर्थिक भार

ऑटो किराया बढ़ने का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ रहा है, जो रोजाना सफर के लिए ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। इनमें आमजन, नौकरीपेशा लोग और विद्यार्थी शामिल हैं। मुरथल रोड, कामी रोड, ओल्ड डीसी रोड स्थित कॉलोनियों, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जटवाड़ा समेत शहर के विभिन्न हिस्सों और आसपास के गांवों के हजारों लोग रोजाना राई, कुंडली और बड़ी स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में नौकरी पर आने-जाने के लिए ऑटो का सहारा लेते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी आसपास की कॉलोनियों और गांवों से शहर के कॉलेजों में पढ़ने के लिए ऑटो से सफर करते हैं। किराया बढ़ने से अब इन सभी लोगों का मासिक बजट बिगड़ने लगा है।



# कातिया हत्याकांड में एक गिरफ्तार, 5 दिन के रिमांड पर भेजा

**खरखौदा।** शहर के कोर्ट परिसर के बाहर हुए चर्चित नीरज उर्फ कातिया हत्याकांड में पुलिस को पहली बड़ी सफलता मिली है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दूबलधन माजरा निवासी सन्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार झज्जर के दूबलधन निवासी नीरज उर्फ कातिया शनिवार को अपनी पत्नी की ओर से दर्ज दहेज उत्पीड़न मामले में पेशी के लिए खरखौदा कोर्ट पहुंचा था। सुनवाई के बाद जैसे ही वह अदालत परिसर से बाहर निकला, तभी एक कार में आए हमलावरों ने उसे टक्कर मार दी। नीचे गिरते ही हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गंभीर रूप से घायल नीरज की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक के भाई सत्यवान की शिकायत पर पुलिस ने कई नामजद लोगों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। शिकायत में पारिवारिक विवाद और पुरानी रंजिश को हत्या की वजह बताया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सन्नी को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि उसने वारदात में शामिल आरोपितों को वाहन उपलब्ध कराने में सहायता की थी। पुलिस अब रिमांड के दौरान हत्या में इस्तेमाल हथियार, वाहन और फरार आरोपितों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ से मामले में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।



- स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने दूबलधन माजरा के सन्नी को गिरफ्तार कर लिया पांच दिन के रिमांड पर
- पूछताछ में आरोपित पर वारदात में शामिल बदमाशों को वाहन उपलब्ध कराने में मदद का खुलासा
- दहेज उत्पीड़न मामले की पेशी के बाद कोर्ट से निकलते ही बदमाशों ने बरसाई थीं गोलियां

# दुभेटा की बेटी अदिति श्योराण को मिला खेल प्रतिभा सम्मान

### प्रदेश की युवा क्रिकेटर को अनुराग ठाकुर ने किया सम्मानित

**गन्नौर।** गांव दुभेटा की युवा क्रिकेटर अदिति श्योराण को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खेल प्रतिभा सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-36 स्थित एमसीएम डीएवी कॉलेज में आयोजित समारोह में पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने अदिति को सम्मानित किया। यह सम्मान वर्ल्ड हिमाचल ऑर्गेनाइजेशन के वार्षिक उत्सव 'नियुंदर-2026' के दौरान प्रदान किया गया। समारोह में खेल, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओलंपिक शूटर अंजुम मोदगिल को भी सम्मानित किया गया। अदिति श्योराण ने बताया कि वह चंडीगढ़ क्रिकेट टीम की ओर से राज्य, राष्ट्रीय और बीसीसीआई स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं। इस वर्ष उनका चयन बीसीसीआई अंडर-19 महिला वनडे प्रतियोगिता के लिए हुआ था। इसके अलावा वह राष्ट्रीय स्कूल चैंपियनशिप में चंडीगढ़ अंडर-17 टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं। अदिति तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चंडीगढ़ टीम की कप्तान भी रह चुकी हैं। सम्मान समारोह में अनुराग ठाकुर ने अदिति की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि छोटे से गांव की इस बेटी ने कम समय में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं।




गन्नौर। अदिति श्योराण को सम्मानित करते पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर।

# युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता नहर किनारे खड़ी मिली मोटरसाइकिल



- खरखौदा की मारुति कंपनी में कार्यरत है युवक
- दोस्तों ने बताया- नहर में नहाते समय डूबा युवक, परिजनों ने जताया शक
- पुलिस और एनडीआरएफ की टीम नहर में चला रही सर्च अभियान

**खरखौदा।** क्षेत्र का एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक की बाइक, मोबाइल फोन और कपड़े नहर किनारे लावारिस हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। बहादुरगढ़ निवासी अलका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा आकाश आईएमटी खरखौदा स्थित मारुति कंपनी में कार्यरत है। 16 मई को वह अपनी बाइक पर ड्यूटी के लिए घर से निकला था। अगले दिन सुबह उसकी फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उसने दोपहर तक घर लौटने की बात कही थी। इसके बाद परिजनों को सूचना मिली कि आकाश की मोटरसाइकिल रिलायंस नहर के पास गांव छिनौली की नहर पटरी पर लावारिस हालत में खड़ी है। बाइक पर युवक के कपड़े, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी रखा हुआ था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सामान की पहचान आकाश के रूप में की। परिजनों ने बताया कि घटना के समय आकाश के साथ उसके दोस्त संदीप, गौरव और विजय भी मौजूद थे। तीनों ने परिवार को बताया कि आकाश नहर में नहाते समय डूब गया, लेकिन परिजनों ने इस बात पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया कि तीनों युवक सच्चाई छिपा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खरखौदा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



खरखौदा। नहर में बचाव अभियान चलाती एनडीआरएफ की टीम

# शम्भू दयाल डिस्पोजल की पाइप लाइन फटी, डेढ़ दर्जन कॉलोनियों में सीवर जाम

## डिस्पोजल परिसर में पानी ऊपर तक भर गया, कई कॉलानियों में जलभराव

## मेयर ने कर्मचारी को लगाई फटकार 98 लाख रुपये से बिछेगी नई लाइन

**सोनीपत।** शम्भू दयाल डिस्पोजल परिसर में मुख्य पाइप लाइन फटने से शहर की सीवरेज व्यवस्था चरमरा गई। डिस्पोजल परिसर में पानी भर गया, जबकि उससे जुड़ी कई कॉलोनियों की गलियों में सीवर का गंदा पानी जमा होने लगा। इसके चलते विभिन्न क्षेत्रों से लगातार सीवर जाम की शिकायतें आने लगीं। पाइप लाइन फटने का असर पुरानी अनाज मंडी, भरतपुरी, प्रभु नगर मंडी, आर्य नगर, सूरी पेट्रोल पंप गली, विकास नगर और गढ़ी घसीटा समेत करीब डेढ़ दर्जन कॉलोनियों में देखने को मिला। कई स्थानों पर लोगों को जलभराव और बदबू की समस्या से जूझना पड़ा। सूचना मिलने पर नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।




सोनीपत। डिस्पोजल का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर राजीव जैन।

### सारंग रोड अंडरब्रिज पानी जमा, परेशानी

मेयर राजीव जैन ने लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पाइप लाइन करीब एक सप्ताह पहले फट गई थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण सारंग रोड अंडरब्रिज के नीचे भी पानी जमा होने लगा था। मेयर ने अधिकारियों को एक दिन के भीतर मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शम्भू दयाल डिस्पोजल से गीता भवन तक पुरानी पाइप लाइन बदलने के लिए 98 लाख की परियोजना स्वीकृत हो चुकी है और जल्द नई लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में दिल्ली का युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के मामले में दिल्ली निवासी एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नांगलोई निवासी इंद्रजीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 मई को सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना बहालगढ़ में शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग ममेरी बहन के साथ इंद्रजीत ने छेड़छाड़ की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना बहालगढ़ की महिला उप निरीक्षक पूजा ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए पीड़िता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाए। साथ ही महिला विशेषज्ञ और लीगल एड के माध्यम से काउंसलिंग भी करवाई गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।




- पुलिस ने इंद्रजीत को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

# गन्नौर : कन्फेक्शनरी में चल रहा था अहाता, सामान जब्त

## नगरपालिका और पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई



गन्नौर। कन्फेक्शनरी की दुकान से सामान जब्त करती नपा की टीम।

**गन्नौर।** नगरपालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गन्नौर फ्लाईओवर के पास स्थित एक कन्फेक्शनरी पर छापेमारी की। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि दुकान पर लोगों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही है और वहां गिलास, पानी की बोतलें व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सूचना के बाद नगरपालिका सचिव प्रदीप कुमार की टीम ने थाना बड़ी पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने मौके से गिलास, पानी की बोतलें, फ्रूट और अन्य सामान हटवाकर ट्रॉली में लोड कराया और आगे की कार्रवाई के लिए नगरपालिका कार्यालय पहुंचाया।

एसीपी ऋषिकांत ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियां चलाने, कानून व्यवस्था भंग करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
19 मई 2026



आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपने आपको साबित कर रही हैं, अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन अभी भी कुछ ऐसे डर हैं, जो उन्हें आगे बढ़ने से रोकते हैं, उनके मानसिक स्वास्थ्य, करियर और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करते हैं। यह एक चिंताजनक स्थिति है। महिलाएं किसी प्रकार के डर को कैसे काबू में रखें, इनसे कैसे उबरें, जानिए।

# डर के आगे जीत है
# महिलाएं अपने डर पर कैसे पाएं काबू

कवर स्टोरी
**ललिता गोयल**

एक महिला के रूप में हम जानते और समझते हैं कि तब कैसा महसूस होता है, जब आपकी हथेलियां पसीने से भीग जाती हैं, आपका दिल तेजी से धड़कने लगता है, एक डर महसूस करती हैं और तब आप बस यही सोचती हैं कि इससे कैसे बचा जाए? वहां से भाग लिया जाए या रुक कर स्थिति से लड़ा जाए? कुछ ऐसे डर जो महिलाओं को पीछे हटने और खुद को एक दायरे में सीमित कर लेने के लिए मजबूर करते हैं, इनको समझना जरूरी है।

## अपने डर को पहचानें

महिलाएं प्रायः जिन डरों से घिरती हैं, इनसे छुटकारा पाने के तरीकों को जानने से पहले यह जानना-पहचानना जरूरी है कि कौन से डर हैं, जिनका अधिकांश महिलाएं अपने जीवन में सामना करती हैं।

**अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का डर:** यह वह स्थिति होती है, जब महिलाएं कुछ नया करने से डरती हैं, क्योंकि उन्हें असफलता का भय होता है, उन्हें लगता है कि अगर वे असफल हो गईं तो घर-परिवार के सदस्य उनका मजाक बनाएंगे। इसलिए वे कंफर्ट जोन में बनी रहती हैं, अपने विकास के रास्ते बंद कर लेती हैं।



**अस्वीकृति का भय:** यह वह स्थिति होती है, जब महिलाओं को लगता है कि वे जो करना चाहती हैं, उसके लिए उन्हें परिवार से स्वीकृति नहीं मिलेगी। इस 'नहीं' को सुनने के डर से वे कुछ भी करने से पीछे हट जाती हैं। महिलाएं सफलता पाने की तुलना में अस्वीकृति की संभावना को लेकर अधिक चिंतित रहती हैं।

**गलत साबित होने का डर:** यह वह स्थिति है, जब आत्मविश्वास की कमी के कारण महिलाएं खुद को अनभिज्ञ या अज्ञानी नहीं दिखाना चाहतीं और वे शिक्षित, अनुभवी होने के बावजूद खुद पर भरोसा करने से इनकार कर देती हैं, अपनी राय व्यक्त करने या अपने ज्ञान और अनुभव को शेयर करने से इनकार कर देती हैं।

**उपहास उड़ाए जाने का डर:** यह वह स्थिति है, जब आप इस बात से डरती हैं कि लोग आपके बारे में क्या कहेंगे, उपहास उड़ाएंगे, मूर्ख कहेंगे, आपको समाज द्वारा जज किए जाने का डर होता है। यह डर महिलाओं को अपनी बात खुलकर रखने से रोकता है। भले ही वे जानती हैं कि वे सही हैं।

**शारीरिक इमेज का डर:** कुछ महिलाएं अपनी शारीरिक बनावट को लेकर भी असुरक्षित महसूस करती हैं। कुछ को हीनता का बोध भी हो सकता है। उनके लिए डर का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



## डर से कैसे उबरें

सवाल यह है महिलाएं किसी प्रकार के डर से कैसे उबरें? यहां बता रहे हैं ऐसे कुछ आसान तरीके, जो रोजमर्रा के डर और घबराहट से लड़ने में मदद करेंगे।

**सपोर्ट सिस्टम बनाएं:** ऐसे दोस्तों या परिवार के सदस्यों का नेटवर्क रखें, जिन पर आप भरोसा कर सकें। इससे डर कम होता है। अपने डर के बारे में किसी दोस्त, परिवार वाले या हेल्पलाइन से बात करें। अपनी बात शेयर करने से मन का बोझ हल्का होता है और डर छोटा लगने लगता है।

**खुद से पूछें:** खुद से पूछिए सबसे बुरा क्या हो सकता है? जब आप सबसे बुरी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हो जाती हैं, तो डर छोटा लगने लगता है।

**आत्म-विश्वास और मानसिक मजबूती बढ़ाएं:** जब भी डर लगे, अपनी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों को याद करें। इससे आपको याद आएगा कि आप चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं।

**थोड़ा ब्रेक लें:** जब आप डरी हुए होती हैं, तो साफ-साफ सोचना मुश्किल होता है। ऐसे में खुद को शांत करने के लिए थोड़ा समय निकालें। 15 मिनट के लिए उस जगह से हट जाएं, कहीं टहलने चली जाएं, चाय पिएं या कोई मजेदार वीडियो देखें।

**गहरी सांस से दूर होगी घबराहट:** अगर डर की वजह से अचानक आपके दिल की धड़कन तेज हो जाए या आपकी हथेलियों में पसीना आने लगे, तो एक पल वहीं रुकें और उस अहसास को महसूस करें। पेट पर हाथ रखें और गहरी सांस लें। इससे आपका दिमाग घबराहट को झेलने को तैयार हो जाएगा।

**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** जिस चीज से डर लगता है, उसका थोड़ा-थोड़ा सामना करें। अगर बोलने से डर लगता है, तो छोटे ग्रुप्स में बोलना शुरू करें। यह एक्सपोजर थैरेपी की तरह काम करता है।

**डर का सामना करें:** डर से दूर भागने से वह और बढ़ता है। धीरे-धीरे उस चीज के संपर्क में आएं, जिससे आप डरती हैं। जैसे अगर आपको लिफ्ट या एस्केलेटर में जाने से डर लगता है, तो बार-बार इसे यूज करें। धीरे-धीरे आपका डर कम होने लगेगा।

**शारीरिक लक्षणों को समझें:** घबराहट में तेज धड़कन या सांस फूलना सामान्य है। यह शरीर का खुद को तैयार करने का एक तरीका है। यह समझें कि ये लक्षण खतरनाक नहीं हैं और थोड़ी देर में ठीक हो जाएंगे।

**नेगेटिव सोच से दूरी:** अपने आपसे तर्कपूर्ण सवाल पूछें। जैसे क्या वाकई लिफ्ट गिर जाएगी? या क्या सच में यहां कोई खतरा है? हकीकत को जानकर आप डर को कम कर सकती हैं।

**परफेक्ट बनने की कोशिश न करें:** यह सोचना छोड़ दें कि आपको हमेशा शांत रहना चाहिए या जिंदगी हमेशा अच्छी होनी चाहिए। जिंदगी थोड़ी उथल-पुथल भरी हो सकती है और यह बिल्कुल सामान्य है। खुद के साथ ज्यादा सख्ती न बरतें। एक अच्छी जगह की कल्पना करें। अपनी आंखें बंद करें और किसी ऐसी जगह या याद के बारे में सोचें, जहां आप सुरक्षित और खुश महसूस करती हैं, जैसे कोई समुद्र तट या बचपन की कोई खुशनुमा याद। लोग क्या कहेंगे की परवाह न करें। अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त करें और निर्णय लेने में निडर बनें। लोग क्या कहेंगे की परवाह किए बिना अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और छोटे-छोटे कदम उठाकर नए प्रयोग करें।

**अपनी सेहत का ख्याल रखें:** अच्छा खाना खाएं और एक्टिव रहें। शराब या नशीली चीजों से दूर रहें, क्योंकि ये घबराहट को और ज्यादा बढ़ा देती हैं। अच्छी नींद और सेहतमंद जीवनशैली मन को मजबूत बनाती है।

**खुद को शाबाशी दें:** जब भी आप अपने डर के बावजूद कुछ हासिल करें, तो खुद को कोई छोटा-सा तोहफा दें। जैसे- अपनी पसंद का खाना खाएं, कोई किताब खरीदें या कोई फिल्म देखें।

**जरूरी सलाह:** अगर आपका डर आपकी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत ज्यादा रुकावट डाल रहा है, तो डॉक्टर या विशेषज्ञ से सलाह लेने में संकोच न करें। ❀

**(लाइफ कोच डॉ. सुजाता से बातचीत पर आधारित)**

# जीवनसाथी से ऐसे बनाए रखें प्यार

दांपत्य जीवन में मिठास बनी रहे, इसके लिए जरूरी है पति-पत्नी के बीच हमेशा संवाद बना रहे। संवाद की निरंतरता दंपति को आपस में जोड़े रखती है, इससे रिश्ते गहरे बने रहते हैं। दांपत्य जीवन में हमेशा प्यार कैसे बना रहे, जानिए।

दांपत्य
**स्नेहा सिंह**



हम अकसर घर से ऑफिस के लिए निकलते समय अपने जीवनसाथी से बस यही कहते हैं, 'आने में देर हो जाएगी।', 'फोन करके परेशान मत करना।' या जीवनसाथी के कोई बात पूछने पर चिढ़ कर बोल देते हैं, 'बाद में बात करते हैं।' लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि घर से निकलते समय ऐसा रूखा व्यवहार जीवन साथी को कितना कचोटता होगा? आखिर हम घर से निकलते समय अपने जीवन साथी से प्यार के दो बोल क्यों नहीं बोल सकते, क्यों नहीं एक मुस्कराहट के साथ अपनी विदाई ले सकते हैं? दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है-

**रिश्तों में हों मीठे संवाद:** पति-पत्नी का रिश्ता केवल साथ रहने का नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का रिश्ता भी होता है। इस रिश्ते की नींव मीठे संवाद पर टिकी होती है। जब दो लोग अपने मन की बातें खुलकर मधुरता के साथ करते हैं, एक-दूसरे की परेशानियां और छोटे-छोटे अनुभव साझा करते हैं, तब संबंध गहरे होते जाते हैं। लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में दांपत्य जीवन में संवाद कम होता जा रहा है। लोग घंटों मोबाइल के साथ तो बिताते है, पर जीवनसाथी के साथ कुछ पल बैठकर बात नहीं करते। इसके अभाव में धीरे-धीरे दांपत्य रिश्तों में दूरी आ जाती है। कई बार पति-पत्नी एक ही घर में रहते हुए भी मानसिक रूप से बहुत दूर हो जाते हैं। वे केवल जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन भावनाओं को व्यक्त नहीं करते। ऐसे में रिश्ते बोझ लगने लगते हैं।



**छोटी-छोटी बातें भी रखती हैं मायने:** रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के लिए हमेशा बड़े अवसरों या महंगे उपहारों की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा असर छोड़ जाती हैं। सुबह घर से निकलते समय एक प्यारी सी मुस्कान, 'अपना ध्यान रखना' जैसा वाक्य या अचानक किया गया एक फोन कॉल या फिर शाम को साथ बैठकर एक कप चाय पी लेना, ये सब बातें रिश्तों में गर्माहट बनाए रखती हैं।

**नाराजगी को कभी लंबा न खींचें:** रिश्तों में मतभेद होना स्वाभाविक है। पति-पत्नी के बीच बहस, गुस्सा और शिकायतें पैदा होती रहती हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब लोग अहं में आकर बात करना बंद कर देते हैं। कई बार लोग लंबी चुप्पी साधे रहते हैं। कोई बातचीत के लिए पहल नहीं करना चाहता। दोनों अपने-अपने दिल में शिकायतें जमा किए रहते हैं। झगड़े के बाद भी लंबे समय तक चुप्पी सही नहीं है। जल्दी संवाद शुरू हो जाना चाहिए।

**समय देना सबसे बड़ा उपहार:** आज लोग अपने करियर, सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया में बिजी रहते हैं, रिश्तों के लिए समय ही नहीं निकालते। लेकिन सच्चाई यह है कि किसी भी रिश्ते को जीवित रखने के लिए समय देना बहुत जरूरी है। जीवनसाथी को केवल आर्थिक सुविधाएं ही नहीं चाहिए होतीं, भावनात्मक साथ भी चाहिए होता है। कभी साथ टहलना, साथ खाना, बिना मोबाइल के बैठकर बातें करना, ये सब रिश्तों को जीवंत बनाए रखते हैं। यदि हम अपने सबसे करीबी व्यक्ति के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं, तो यह हमारे रिश्ते के लिए खतरे की घंटी है।

**सीखें प्रेम को व्यक्त करना:** बहुत से लोग अपने मन की भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते। वे प्रेम करते हैं, लेकिन जताते नहीं, जबकि रिश्तों में भावनाओं का खुलकर व्यक्त करना बहुत जरूरी है। कभी-कभी जीवनसाथी की तारीफ करना, उसकी मेहनत को सराहना या बस यह कहना कि 'तुम मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो।' रिश्तों में नई ऊर्जा भर देता है। जीवन अनिश्चित है। हमें नहीं पता अगला पल कैसा होगा। इसलिए अपने जीवन साथी को यह अहसास कराते रहना चाहिए कि वे हमारे लिए कितने खास हैं। रिश्ते केवल साथ रहने से नहीं प्रेम, सम्मान, संवाद और समय देने से गहरे होते हैं। ❀

बच्चे और आप
**शिखर चंद जैन**

इन दिनों बच्चों की समर वैकेशन चल रही हैं। स्कूल जाना नहीं है, इसलिए बच्चों के पास काफी समय है। समर वैकेशन में बच्चे क्या खास कर सकते हैं, कैसे अपने समय का सदुपयोग करें, पैरेंट्स के लिए बहुत ही उपयोगी सलाह।

# यूं ही न बीत जाएं
# बच्चों की समर वैकेशन

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। बच्चों के लिए मौज-मस्ती और धमाचौकड़ी का अच्छा मौका है। एक सी रुटीन लाइफ के बाद थोड़ा-सा वक्त कुछ अलग तरह से बीतना भी चाहिए। लेकिन ये लंबी छुट्टियां सिर्फ वक्त की बर्बादी साबित न हों, इसका ध्यान रखना जरूरी है। मजे-मजे में बच्चों को कुछ नई स्किल्स भी सिखा दें, ये जिंदगी भर उनके काम आएंगी।

**म्यूजिक सिखाएं:** म्यूजिक सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, इससे मानसिक विकास भी होता है। कुछ अध्ययनों की मानें तो म्यूजिक सीखने वाले बच्चों की लर्निंग कैपेसिटी और गणित का ज्ञान दूसरों की तुलना में अधिक हो सकता है। इसलिए अपने बच्चे को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसे वाइलिन, पियानो, हारमोनियम या गिटार बजाना सिखाएं। यह स्किल उसके लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

**सिखाएं कुकिंग की एबीसीडी:** कुकिंग एक महत्वपूर्ण लाइफ स्किल है, जो किसी स्कूल में नहीं सिखाई जाती। इससे बच्चों को न सिर्फ तरह-तरह के प्रयोग करने का मौका मिलता है, कुछ नया बनाने पर सृजन-सुख भी मिलता है। जो बच्चे खुद कुछ, बनाना सीख जाते हैं, उन्हें हेल्दी फूड और नुकसानदायक खाद्य-पदार्थों के बीच अंतर आसानी से समझ में आ जाता है। उम्र के मुताबिक बच्चों का सब्जी, फल आदि काटकर सलाद बनाना, उनकी ड्रेसिंग करना, सैंडविच, जूस आदि बनाना सिखाएं। वे स्वयं भी कुकिंग करके एंज्वॉय करेंगे।

**न्यूजपेपर-मैगजीन से टास्क दें:** बच्चों को कोर्स की किताबों से इतर भी कुछ टास्क दें। पत्रिकाओं और अखबारों के कलरफुल सप्लीमेंट्स में छपी आकर्षक तस्वीरें काटकर उनके बारे में कुछ लिखने को कहें, साथ ही अपनी स्पेशल स्क्रैप बुक बनाने को कहें। नए शब्द और उनके अर्थ डायरी में लिखने और वाक्यों में उनका प्रयोग करना सिखाएं। रेखाचित्रों में कलर करने को कहें और अलग-अलग जगह छपे कुछ चित्रों में तालमेल बैठाकर उन पर छोटी-छोटी कहानियां या कविताएं लिखने का टास्क दें। यह काम उनकी क्रिएटिविटी को बढ़ाएगा।



**स्विमिंग सिखाएं:** गर्मी के मौसम में पानी में खेलना-कूदना बच्चों को खूब भाता है। समर वैकेशन अच्छा मौका है, जब वे मौज-मस्ती के साथ-साथ एक नई स्किल भी सीख लेंगे। स्विमिंग सिर्फ मनोरंजन का ही बेहतरीन साधन नहीं है, इससे बच्चों की एक्सरसाइज भी होगी और शारीरिक-मानसिक विकास भी होगा। यह एक लाइफ सेविंग स्किल भी है, जो मुसीबत के वक्त बच्चे के खूब काम आ सकती है। जरूरत पड़ने पर वह न सिर्फ खुद की बल्कि किसी दूसरे व्यक्ति की भी जान बचा सकता है।

**सिखाएं नई भाषा:** समर वैकेशन का सदुपयोग करने के लिए बच्चों को एक नई भाषा सिखाना एक अच्छा आइडिया है। कई वैज्ञानिक शोधों के नतीजे बता चुके हैं कि एक से अधिक भाषा जानने वाले बच्चों की बौद्धिक क्षमता दूसरे बच्चों की तुलना में कहीं अधिक होती है। सिर्फ यही नहीं, एक से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान आगे चलकर बच्चे के करियर के लिए भी प्लस प्वॉइंट बन सकता है। जितनी अधिक भाषाओं का ज्ञान होगा, उसके ज्ञान का उतना ही विस्तार होगा और विदेश जाने की राह भी आसान होगी।

**कंप्यूटर पर वर्क करना सिखाएं:** आज की टेकसेवी दुनिया में बच्चे को कंप्यूटर का गहरा ज्ञान होना जरूरी है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चे को कंप्यूटर पर हिंदी या अंग्रेजी टाइपिंग की प्रैक्टिस, फोटोशॉप, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस या इससे जुड़ी अन्य बारीकियां सिखाने के लिए किसी कोचिंग सेंटर भेजें। आपको यह सब आता हो तो आप खुद बच्चे को यह सब सिखाएं। ❀

### ये भी हैं अच्छे ऑप्शन

- बच्चे को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित करें।
- रोज एक्सरसाइज करने को कहें।
- मॉर्निंग या इवनिंग वॉक के लिए कहें।
- गार्डनिंग के काम में बच्चों की मदद लें, उन्हें विभिन्न फूलों, पत्तियों और वनस्पतियों की जानकारी दें।

हेयर स्टाइल
**नैंसी गुप्ता**


# बहुत ईजी हैं ये हेयर स्टाइल
# कम समय में पाएं परफेक्ट लुक

गर्मी के मौसम में बालों को संभालना आसान नहीं होता है। पसीना, धूल और उमस के कारण बाल चिपचिपे हो जाते हैं और उन्हें स्टाइल करना मुश्किल लगने लगता है। खासकर जब समय कम हो, तब जल्दी और आसान हेयर स्टाइल की जरूरत और भी बढ़ जाती है। ऐसे में कुछ स्मार्ट-सिंपल हेयर स्टाइल्स अपनाकर आप कम समय में भी परफेक्ट लुक पा सकती हैं।

**सिंपल लो पोनीटेल:** अगर आपके पास समय कम है, तो यह लो पोनीटेल सबसे आसानी से बनने वाला क्लासी हेयर स्टाइल है। इसे बनाने में कुछ मिनट लगते हैं और यह आपको एक साफ-सुथरा लुक देता है। आप इसमें हल्का सा ट्विस्ट या पफ जोड़कर अपने ओवरऑल लुक को और स्टाइलिश बना सकती हैं।



**साइड ब्रेड हेयर स्टाइल:** अगर आप कुछ अलग हेयर स्टाइल ट्राय करना चाहती हैं, तो साइड ब्रेड एक अच्छा विकल्प है। इसे बनाना आसान है और यह आपके लुक में एलिगेंस जोड़ता है। गर्मियों में यह बालों को उलझने से भी बचाता है।




**हाफ पोनीटेल:** हाफ पोनीटेल, उन महिलाओं के लिए बेहतरीन है, जो बालों को पूरी तरह बांधना नहीं चाहती हैं। इसमें आधे बालों को बांधकर बाकी को खुला रखा जाता है। खास बात यह है कि यह हेयर स्टाइल कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाता है और आपको फ्रेश लुक देता है।

**क्लॉ क्लिप स्टाइल:** बालों में क्लॉ क्लिप का इस्तेमाल आजकल काफी ट्रेंड में है। बालों को ट्विस्ट करके क्लॉ क्लिप से सेट करना एक मिनट का काम है और यह आपको स्टाइलिश लुक देता है। यह खासकर ऑफिस ड्रेसअप के साथ या कैजुअल आउटिंग के लिए परफेक्ट लगता है।

**स्कार्फ के साथ फंकी स्टाइल:** गर्मियों में स्कार्फ का इस्तेमाल स्टाइल बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है। आप पोनीटेल या बन के साथ स्कार्फ जोड़कर अपने लुक को और आकर्षक बना सकती हैं।

**मैसी बन:** मैसी बन, गर्मियों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल माना जाता है। इसे बनाने में ज्यादा मेहनत नहीं लगती और यह देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। यह स्टाइल बालों को गर्दन से दूर रखता है, जिससे आपको गर्मी में राहत मिलती है।



**ब्रेडेड बन:** अगर आप थोड़ा स्टाइलिश और फॉर्मल लुक चाहती हैं, तो ब्रेडेड बन ट्राय कर सकती हैं। इसमें पहले चोटी बनाकर उसे जूड़े में बदल दिया जाता है। यह स्टाइल लंबे समय तक टिकता है। ❀

**(हेयर एक्सपर्ट नक्ष वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन
**निकिता चौहान**

वैसे तो हर मौसम में फिजिकल हाइजीन के प्रति अवेयर रहना जरूरी है। लेकिन समर सीजन में इसके प्रति और भी अवेयर रहना चाहिए। इस सीजन में कैसे रखें हाइजीन का ध्यान, जानिए।

# समर सीजन में ऐसे रखें हाइजीन का ध्यान





गर्मी का मौसम अपने साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है, खासकर महिलाओं के लिए। अधिक तापमान, पसीना, नमी और बैक्टीरिया की वृद्धि के कारण त्वचा और निजी स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में अपनी दैनिक दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव करके समर हाइजीन का विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि आप स्वस्थ-सुरक्षित रह सकें।

**करें प्रॉपर क्लीनिंग:** गर्मी के मौसम में पसीना आने से सभी परेशान रहते हैं। इससे शरीर के संवेदनशील हिस्सों (इंटरनल ज्वाइंट्स और हमेशा कवर्ड रहने वाले एरिया) में बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए दिन में एक या दो बार स्नान करना जरूरी हो जाता है। खासकर जननांग क्षेत्र (इंटिमेट एरिया) की सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस क्षेत्र को साफ और सूखा रखना बहुत जरूरी है। अत्यधिक केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें और माइल्ड, पीएच-बैलेंस्ड क्लीनर का उपयोग करें।

**कॉटन फैब्रिक ड्रेसेस:** सही ड्रेस का चयन भी समर हाइजीन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गर्मी में कॉटन फैब्रिक वाले लूज ड्रेसेस पहनना बेहतर होता है, क्योंकि ये स्किन को सांस लेने देते हैं और पसीने को सोख लेते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक वाले टाइट ड्रेसेस पहनने से पसीना जमा होता है, जिससे खुजली, रैशेज और संक्रमण हो सकता है।

**पीरियड्स टाइम हाइजीन:** इस मौसम में पीरियड्स के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है। सेनेटरी पैड्स या टैंपोन को हर 4-6 घंटे में बदलना चाहिए। मेंस्ट्रुअल कप का उपयोग भी सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प हो सकता है, बशर्ते उसकी सही तरीके से सफाई की जाए।

**हाइड्रेशन-डाइट:** शरीर की आंतरिक सफाई के लिए हाइड्रेशन और डाइट भी काफी महत्वपूर्ण है। अधिक पानी पीना शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है और स्किन को हेल्दी बनाए रखता है। इसके लिए नारियल पानी, छाछ और ताजे फलों का सेवन करें। तला-भुना और अत्यधिक मसालेदार भोजन कम खाएं, क्योंकि यह शरीर में गर्मी बढ़ा सकता है।

**यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन:** गर्मी के मौसम में ध्यान ना देने पर महिलाओं में यूटीआई का होना भी कॉमन समस्या है। इसे रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, यूरिन को लंबे समय तक रोककर न रखें और टॉयलेट जाने के बाद सफाई का सही तरीका अपनाएं। यदि जलन, दर्द या बार-बार यूरिन आने जैसी समस्या हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**फंगल इंफेक्शन:** पसीने के कारण फंगल इंफेक्शन, घमौरियां और एलर्जी हो सकती हैं। जिन अंगों के आस-पास पसीना ज्यादा होता है, उस जगह को सूखा रखें और जरूरत पड़ने पर एंटी-फंगल पावडर या क्रीम का इस्तेमाल करें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें।

समर सीजन हाइजीन प्रिकॉशंस को नजरअंदाज करने से आगे चलकर कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यहां बताई गई स्वच्छता आदतों को जरूर अपनाएं। ❀

**(सीनियर ऑब्स्टेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनन गुप्ता, दिल्ली से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम विंडो तथा समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि संबंधित विभाग शिकायतों के समाधान के बाद पोर्टल पर एटीआर अवश्य अपलोड करें।

### अनुशासन एवं सुव्यवस्था व्यक्तित्व की पहचान

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन एवं संस्कारों के संवर्धन हेतु साप्ताहिक यूनिफॉर्म, बैग मेंटेनेंस एवं लंच बॉक्स प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुव्यवस्थित जीवनशैली, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा स्वास्थ्यवर्धक भोजन की आदतों का विकास करना रहा। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों की स्वच्छ एवं सुसज्जित वेशभूषा, व्यवस्थित विद्यालयी बैग तथा पौष्टिक एवं संतुलित भोजन से युक्त लंच बॉक्स का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता करते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया।

### शिविर में 45 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी

**गोहाना।** माहरा गांव स्थित राजकीय आयुष औषधालय में मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए जिला आयुष अधिकारी डॉ. राम अवतार के निर्देशानुसार विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेश दुग्गल द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर में 45 मरीजों की जांच की गई। शिविर में बुखार, खांसी-जुकाम व शरीर दर्द संबंधी सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे।

### दो महिलाओं समेत 39 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को आयोजित साप्ताहिक शिविर में दो महिलाओं समेत 39 नागरिकों ने रक्तदान किया। ट्रस्ट का यह साप्ताहिक शिविर बिटिया अनन्या गोयल के 8वें जन्मदिन को समर्पित रहा। शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुल्तान सिंह सैनी थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की जबकि संयोजन मनीष गोयल का रहा।

### 100 से अधिक एचएलबी का कार्य पूर्ण : तहसीलदार

**गन्नौर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में गन्नौर ग्रामीण क्षेत्र की चार्ज ऑफिसर एवं तहसीलदार ललिता ने जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए सुपरवाइजर व गणनाकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय कार्य को पूर्ण करें।

## कृषि विभाग विशेष शिविर लगाकर किसानों को देगा प्रशिक्षण, मिल सकेगा अनुदान

# प्राकृतिक खेती परियोजना : कृषि विभाग 6 हजार एकड़ का लक्ष्य भेदने को तैयार

*विभाग ने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष टीमों का किया गठन*
*विदेशों से काफी महंगा मंगवाना पड़ रहा रासायनिक खाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण सरकार को रासायनिक खाद विदेशों से काफी महंगा मिल रहा है। खाड़ी देशों में बनी युद्ध की स्थिति के चलते खाद की आपूर्ति भी काफी प्रभावित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं खाद का कम प्रयोग करने का आह्वान कर चुके हैं। ऐसे में कृषि विभाग ने रासायनिक खाद की उपलब्धता व खर्च को कम करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। खरीफ सीजन में कृषि विभाग ने इस बार जिले में 6 हजार एकड़ भूमि पवर प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य को भेदने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने खासकर विशेष टीमें भी गठित की हैं। अधिकारियों की मानें तो यह टीमें जिले में विशेष शिविर लगाकर किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक करेंगी। साथ ही प्राकृतिक खेती परियोजना के तहत किसानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि प्राकृतिक खेती पद्धति के तहत रासायनिक खाद के बजाय पूर्ण रूप से प्रकृति तरीके से तैयार खाद का खेती में प्रयोग किया जाता है। जिसकी लागत भी कम होती है। प्राकृतिक खाद के जरिये किसानों को अपनी फसलों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ खाद का खर्च भी कम वहन करना पड़ता है।




### खास बातें

- गांव स्तर पर विशेष शिविर लगाकर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- जिले के सात ब्लॉकों में 280 एकड़ पर डेमोस्ट्रेशन प्लॉट बनाए जाएंगे।
- प्रत्येक ब्लॉक में 40-40 प्रदर्शन प्लॉट तैयार किए जाएंगे

### 280 एकड़ में होंगे डेमोस्ट्रेशन प्लॉट

विभाग ने जिले के ब्लॉक सोनीपत, गोहाना, कथूरा, खरखौदा, राई, गन्नौर व मुंडलाना में डेमोस्ट्रेशन प्लॉट बनवाने की योजना तैयार की है। किसानों को प्राकृतिक खेती परियोजना में शामिल करने के लिए जिले में 280 एकड़ में डेमोस्ट्रेशन प्लॉट (प्रदर्शन क्षेत्र) बनवाने का निर्णय लिया है। योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 40-40 डेमोस्ट्रेशन प्लॉट होंगे। इनके माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती पद्धति के तौर तरीकों व नियमों से रूबरू करवाया जाएगा। इतना ही नहीं, इन प्लॉट को तैयार करने वाले किसानों को 4-4 हजार रुपये अनुदान राशि मुहैया करवाई जाएगी।

### जीवामृत खेत की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने में सहायक

बता दें कि जिले में प्राकृतिक खेती पद्धति को लेकर 6 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है। प्राकृतिक खेती पद्धति में किसानों को फसल उत्पादन के लिए अधिक खर्च वहन नहीं करना पड़ता। प्राकृतिक खेती पद्धति पूर्ण रूप से देसी गाय पर निर्भर है। किसान देसी गाय के गोबर-मूत्र के प्रयोग से जीवामृत तैयार कर सकते हैं। यह खेत की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने में सहायक माना गया है। उधर सरकार किसानों को देसी गाय सहित ड्रम पर सब्सिडी भी मुहैया करवा रही है।

### विभाग ने शुरू की तैयारी

रासायनिक खाद के प्रयोग में कमी लाने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि विभाग को इस वर्ष जिले में 6 हजार एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य को लेकर विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। किसानों में प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता लाने के लिए टीमें गठन हो चुकी हैं। यह टीमें गांव स्तर पर किसानों को विशेष प्रशिक्षण देकर जागरूक करेंगी।
**-डॉ. पीके गुलिया,** उपनिदेशक, कृषि विभाग, सोनीपत



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान जनता दरबार में समस्या सुनते हुए ।

## विधायक ने जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं

- सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहर से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इस दौरान बिजली, पानी, गली निर्माण, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त, पुलिस कार्रवाई और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कई मामलों में अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने को भी कहा गया। जनता दरबार में पहुंचे कई लोगों की निजी समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जिससे लोगों ने राहत महसूस की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से जारी हैं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल 20 तक बढ़ी

**गोहाना।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर प्रदेशभर में चल रही हड़ताल को 20 मई तक बढ़ा दिया गया है। यह निर्णय 15 और 16 मई की दो दिवसीय चेतावनी हड़ताल के बाद सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर लिया गया। सीटू से जुड़े ग्रामीण सफाई कर्मचारी अब विभिन्न ब्लॉकों और जिला मुख्यालयों पर धरना देकर विरोध जता रहे हैं। सोनीपत जिले में राई, खरखौदा और मुंडलाना ब्लॉक के कर्मचारी अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना दे रहे हैं, जबकि गन्नौर, सोनीपत और मुरथल के कर्मचारी डीसी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। मुंडलाना ब्लॉक में धरने की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान सतबीर ने की तथा मंच संचालन उपप्रधान आजाद ने किया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता और काम के औजार व रिक्शा मरम्मत जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई जातीं।

## जय भारत पब्लिक स्कूल की अंजली ने जिले में दूसरा व गन्नौर में पहला स्थान किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अटायल रोड स्थित जय भारत पब्लिक स्कूल, खेड़ी गुजर स्कूल की छात्रा गांव आहुलाना निवासी सुरेश पहल की पुत्री अंजली ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर 99 प्रतिशत अंक हासिल किए। अंजली ने सोनीपत जिले में दूसरा तथा गन्नौर क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त करने पर स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एस एन छोककर ने मुख्य अतिथि शिरकत की । इसके बाद सभी मेधावी छात्रों को खुली जीप में गांव तक ले जाया गया । कार्यक्रम में उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों और ग्रामीणों ने खुशी जताई। स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र पहल ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी है । मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसके अलावा अन्नू पुत्री मुकेश ने 488 अंक प्राप्त कर 97.6 प्रतिशत, आशा पुत्री संजय ने 488 अंक, दीपिका पुत्री प्रमोद ने 486 अंक, दिक्षु पुत्री संदीप ने 485 अंक तथा रिया पुत्री रमेश ने 485 अंक प्राप्त किए।



गन्नौर। जिले में दूसरा तथा गन्नौर क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त करने पर अंजली को सम्मानित करते हुए।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल शुरू



खरखौदा। हड़ताल पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी

**खरखौदा।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने खंड विकास एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार ने विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के महानिदेशक को भेजे गए नोटिस में आरोप लगाया गया है कि सरकार लंबे समय से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। यूनियन का कहना है कि उन्होंने 24 अगस्त 2025 से लेकर अब तक कई बार ज्ञापन और मांग पत्र भेजे, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

## विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना देंगे अब सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ग्रामीण सफाई कर्मचारी हरियाणा संबंधित सीटू के आह्वान पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 20 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है। कर्मचारी अब विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना देंगे। रविवार को सोनीपत और गन्नौर ब्लॉक के कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के बाहर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक धरना दिया। धरने की अध्यक्षता गन्नौर ब्लॉक के प्रधान देवेंद्र ने की, जबकि संचालन विजेंद्र ने किया। धरने को संबोधित करते हुए सीटू नेता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी और सिलक राम मलिक ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं पंजाब हाई कोर्ट के निर्णय के अनुसार 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को पक्का किया जाए। पक्का होने तक मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों को सफाई के औजार, साबुन, तेल, दस्ताने, मास्क, झाड़ू और रिक्शा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई।




सोनीपत। लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।



### यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने किए 60 से अधिक चालान

खरखौदा। शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को देखते हुए पुलिस अब बिना नंबर प्लेट और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें बिना नंबर प्लेट घूम रही बाइकों और अन्य वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 60 से ज्यादा चालान काटे गए। जिनमें 20 से ज्यादा वाहन बगैर नंबर प्लेट के थे। ट्रैफिक इंचार्ज राजेश कुमार का कहना है कि बिना नंबर प्लेट के वाहन अपराध में इस्तेमाल होने की आशंका रहती है, इसलिए ऐसे वाहनों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर नंबर प्लेट जरूर लगवाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### मीना देवी निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षण संस्थान की हेड नियुक्त

**गोहाना।** पंजाबी सेवा संगठन द्वारा सहकारिता एवं पर्यटक मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा एवं उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के सानिध्य में आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवार की 2100 बेटियों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पहले चरण में 200 बेटियां अपना पंजीकरण करवा चुकी हैं और बीस कम्प्यूटर युक्त लैब में 140 जरूरतमंद बेटियां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। अध्यक्ष सुमित कक्कड़ ने कहा कि आज के आधुनिक युग में कम्प्यूटर शिक्षा के बिना सफलता हासिल करना संभव नहीं है। जो परिवार अपनी बेटियों को कम्प्यूटर शिक्षा में निपुण बनाना चाहते हैं लेकिन आर्थिक परेशानी की वजह से ऐसा नहीं कर पा रहे हैं उन परिवारों की बेटियों के लिए पंजाबी सेवा संगठन द्वारा निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा की सेवा उपलब्ध करवाई गई है। उनके अनुसार मीना देवी को कम्प्यूटर केंद्र की हैड नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के संस्थापक सदस्य अरुण बड़ौक, सुरेंद्र कालड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों से विचार विमर्श के बाद की गई है।



गोहाना। कम्प्यूटर शिक्षा केंद्र की हैड मीना देवी को नियुक्ति पत्र देते हुए संगठन के प्रतिनिधि।

## दूषित पेयजल समस्या के समाधान को शुरू हुआ मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के मिर्च मंडी और आसपास के क्षेत्रों में दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए सोमवार को विधायक निखिल मदान ने ओल्ड रोहतक रोड पर पेयजल लाइन की मरम्मत कार्य शुरू करवाया। विधायक सुबह वार्ड नंबर-16 स्थित नवजीवन अस्पताल के सामने पहुंचे और निगम अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी कि पिछले दो-तीन दिनों से क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके बाद निगम की ओर से लाइन की मरम्मत शुरू की गई, जिसे एक-दो दिन में पूरा करने का दावा किया गया है। विधायक ने बताया कि मिशन चौक से कालूपुर चुंगी तक नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य अगले सप्ताह शुरू होगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पुरानी पाइपलाइन में बार-बार लीकेज होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इसके अलावा बाबा कॉलोनी में दूषित जलभराव रोकने के लिए डिस्पोजल पर जनरेटर की व्यवस्था की गई है। मोहन नगर बाईपास की सीवरेज लाइन सफाई के निर्देश भी निगम अधिकारियों को दिए गए हैं।



सोनीपत। वार्ड नंबर 16 में पहुंचें विधायक निखिल मदान एवं अन्य।




सोनीपत। नागरिकों को प्रमाण पत्र देते हुए नगराधीश साथ में अन्य।

### सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्राप्त 22 को वितरित किए प्रमाण पत्र

**सोनीपत।** सिविल डिफेंस विभाग द्वारा 16 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित प्रशिक्षण कोर्स में भाग लेने वाले 22 आम नागरिकों को सोमवार को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जिला लघु सचिवालय में आयोजित किया गया, जहां नगराधीश सिमरन ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें भविष्य में समाज एवं प्रशासन के साथ मिलकर सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नगराधीश ने कहा कि सिविल डिफेंस वालंटियर्स आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी वालंटियर्स के पहचान पत्र (आई-कार्ड) भी जल्द जारी किए जाएंगे, ताकि आवश्यकता पडने पर उन्हें प्रशासनिक कार्यों एवं आपदा प्रबंधन गतिविधियों में शामिल किया जा सके। इस अवसर पर स्टोर सुपरिटेंडेंट संदीप कुमार ने कहा कि सिविल डिफेंस केवल एक संगठन नहीं बल्कि सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का सशक्त माध्यम है।

### फैमिली आईडी में गलत प्रॉपटी एटेच को लेकर रखी शिकायतें

## शिविर : 17 शिकायतों की सुनवाई, समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसडीएम सुभाष चंद्र ने सोमवार को समाधान शिविर में पहुंची 17 शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान एक व्यक्ति ने एसडीएम के समक्ष अपनी शिकायत रखी कि उसकी फैमिली आईडी में गलत प्रॉपटी एटेच कर दी गई है, जिसकी कारण उसकी वार्षिक आय ज्यादा हो गई। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि इसकी जांच कर इसकी प्रॉपर्टी आई को ठीक करना सुनिश्चित करें। एक अन्य शिकायत पर एक व्यक्ति ने बिजली विभाग से संबंधित एक शिकायत बिजली का खम्भा शिफ्ट करने की शिकायत दर्ज करवाई, जिसपर बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा सोलर योजना की सब्सिडी दिलवाने को लेकर भी शिकायत प्राप्त हुई, जिसपर एसडीएम ने उचित कार्रवाही करने के निर्देश दिए।




सोनीपत। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी।

### ये की शिकायतें

गांव बैंयापुर में जल निकासी व्यवस्था के कारण उत्पन्न समस्या तथा नई पुलिया निर्माण करवाने का अनुरोध भी प्रशासन के समक्ष रखा गया। वहीं गांव जाजी में गैर मुमकिन जोहड़ की खुदाई एवं सफाई करवाने हेतु शिकायत प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त एक शिकायत में प्रार्थी की जमीन से निकले वृक्षों की कीमत का आधा हिस्सा प्रार्थी तथा आधा हिस्सा सरकार के पक्ष में रिलीज करवाने का अनुरोध किया गया। सरकार द्वारा बीपीएल लाभार्थियों के फ्लैटों के लिए जमा करवाए गए दस हजार रुपये वापस दिलवाने संबंधी शिकायत भी समाधान शिविर में पहुंची। जिनपर कार्रवाई करने के लिए एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इनका तुरंत समाधान किया जाए।



सोनीपत। विशेष योग प्रशिक्षण में हिस्सा लेते पुलिस कर्मी।

### योगाभ्यास से पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने का संदेश

**सोनीपत।** पुलिस लाइन सोनीपत में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से सामान्य परेड के स्थान पर विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा-निर्देश में जिला पुलिस व आयुष विभाग की संयुक्त पहल से हुआ। आयुष विभाग की विशेषज्ञ टीम ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी जैसे प्राणायामों पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन "स्वस्थ हरियाणा-नशा मुक्त हरियाणा" अभियान के तहत किया जा रहा है।

### स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

**सोनीपत।** स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय सोनीपत में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस मौके पर ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री ने सभी का स्वागत किया और संग्रहालय की 17 गैलरियों में स्थापित वस्तुओं की जानकारी दी। परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि संग्रहालय पारिस्थितिक सततता, सामाजिक सद्भाव, कल्याण और मानव पर्यावरण के प्रति सम्मान का दृष्टिकोण विकसित करते हैं। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी फैमिली से ललिता कौशिक का सयुक्त सचिव जसबीर सिंह खत्री ने स्मृति चिन्ह सौंपकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रितेश, सतपाल नाथ, सुनील कुमार, अध्यापिका अनीता, अध्यापक रविन कुमार, कृष्ण कुमार सैनी, सरीता आदि मौजूद रहे।

**बेटी बचाओ**
**बेटी पढ़ाओ**

**सार्वजनिक सूचना**

**ग्राम पंचायत भटगाँव माल्यान द्वारा पंचायती जमीन की खुली बोली का आयोजन 25 मई 2026 को सुबह 11 बजे अम्बेडकर भवन में किया जाएगा। पंचायत ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर पहुंचकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।**

**ग्राम पंचायत**
**भटगांव माल्यान**
**सरपंच सविता**
**फोन : 9871823007**

### प्रदेश के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक मुक्केबाजों ने लिया भाग, कुलपति ने दी शुभकामनाएं

# हरियाणा खेल विवि में अंडर-23 बॉक्सिंग ट्रायल्स में एशियन चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन



राई। खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार (सेवानिवृत्त आईपीएस) मुख्य अतिथि ट्रायल का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राई। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय एवं हरियाणा बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी एशियन चैंपियनशिप ट्रायल्स के लिए हरियाणा टीम चयन हेतु अंडर-23 बॉक्सिंग ट्रायल्स का आयोजन किया गया। ट्रायल्स में हरियाणा के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। आगामी एशियन चैंपियनशिप ट्रायल्स 27 मई से भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में आयोजित होंगे। कार्यक्रम में हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार (सेवानिवृत्त आईपीएस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



#### खेलों में अनुशासन ही सफलता की कुंजी

अशोक कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में अनुशासन और मेहनत सफलता की कुंजी है। ट्रायल्स का आयोजन पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से किया गया, जिससे खिलाड़ी और अभिभावक संतुष्ट नजर आए।।ट्रायल्स के सफल संचालन में ओलंपियन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता जय भगवान तथा दिनेश कुमार का विशेष योगदान रहा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के सचिव ओमवीर हुड्डा और संयुक्त सचिव नवीन हुड्डा ने विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति, कुलसचिव, डीन, डॉ. संदीप कुमार और उनकी टीम का सहयोग के लिए आभार जताया।

#### इन खिलाड़ियों का चयन

महिला वर्ग में सिमरन (45-48 किग्रा), तमन्ना (48-51 किग्रा), प्रियंका (51-54 किग्रा), मोहिनी (54-57 किग्रा), रवीना (57-60 किग्रा), साक्षी (60-65 किग्रा), निशा (65-70 किग्रा), रुद्रिका (70-75 किग्रा) और रितिका (75-80 किग्रा) का चयन किया गया। पुरुष वर्ग में जितेश (50-55 किग्रा), जतिन (55-60 किग्रा), पंकज कुमार (60-65 किग्रा), प्रियंशु (65-70 किग्रा), नीरज (70-75 किग्रा), साहिल (75-80 किग्रा), कृष (80-85 किग्रा), दक्ष (85-90 किग्रा) और ईशान कटारिया (+90 किग्रा) ने हरियाणा टीम में जगह बनाई। विशेष रूप से हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की छात्राएं मोहिनी और रितिका ने अपने मुकाबले जीतकर टीम में स्थान हासिल किया। कुलपति अशोक कुमार सहित अन्य अतिथियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### बुटाना बिजली घर में जेई के तबादले की मांग

गोहाना। हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन से जुड़े बिजली कर्मियों ने सोमवार को बिजली निगम के सिटी सब डिवीजन के एसडीओ के बरोदा रोड स्थित कार्यालय में धरना दिया। कर्मियों ने बुटाना बिजलीघर में नियुक्त जेई का तबादला करने की मांग की।

### चोरी की बाइक सहित आरोपित गिरफ्तार

गोहाना। थाना बरोदा की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित जिला सोनीपत के गांव गांव रिंढाना निवासी सतीश उर्फ काला पुत्र ओम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। गांव रिंढाना निवासी ईश्वर पुत्र गजे सिंह ने 23 अप्रैल 2026 को थाना बरोदा में शिकायत दी थी।

### साइबर ठगों ने तीन लोगों से उड़ाए 14 लाख रुपये

सोनीपत। साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से तीन लोगों को निशाना बनाकर 14 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। ठगों ने किसी को विदेश में फंसे रिश्तेदार का झांसा दिया तो किसी के खाते से मुआवजे की रकम पार कर दी। एक ग्रामीण के मोबाइल को हैक कर बिना ओटीपी के ही खातों से लाखों रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने तीनों मामलों में साइबर थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुसाना निवासी राजकुमार को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई जिसके जरिए ठगी की गई।

### जिले के कई कॉलेजों में 100 पंजीकरण भी नहीं हुए

# 12वीं रिजल्ट के बाद भी कॉलेजों में दाखिले सुस्त, पंजीकरण नहीं पकड़ रहा रफ्तार

## 23 महाविद्यालयों में प्रक्रिया जारी, फिलहाल कोर्स की जानकारी लेने में जुटे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी हुए करीब 5-6 दिन बीत चुके हैं, लेकिन महाविद्यालयों में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों की पंजीकरण प्रक्रिया रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। जिले में 12 दिन बाद भी एक महाविद्यालय ऐसा नहीं है, जिसमें विद्यार्थियों ने पंजीकरण प्रक्रिया का शतक पूरा किया हो। वहीं राजकीय विद्यालयों में पंजीकरण प्रक्रिया के हाल बेहाल नजर आ रहे हैं। सोनीपत के राजकीय महिला महाविद्यालय में अब तक केवल 20 छात्राओं ने ही दाखिले के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। हालांकि सोमवार को ऑनलाइन पोर्टल सुचारू रूप से चला। उच्चतर शिक्षा निदेशालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया में एक समान, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने में मदद करने के साथ उन्हें पारदर्शी तरीके से महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाना है। जिलाभर के 23 प्रमुख राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में इन दिनों दाखिले के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया का दौर जारी है। इनमें 9 कन्या महाविद्यालय भी शामिल हैं। सभी महाविद्यालयों में इस बार करीब 13530 सीटों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड किया है, लेकिन 12वीं कक्षा का परिणाम जारी होने के बावजूद विद्यार्थी महाविद्यालयों में दाखिला लेने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। निजी व एडिड महाविद्यालयों की बात करें, तो प्रत्येक में 80 से 85 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। ज्यादातर महाविद्यालयों में पहुंच रहे विद्यार्थी केवल विषयों, फीस व दस्तावेज संबंधी जानकारी प्राप्त कर लौट रहे हैं।



सोनीपत। सेक्टर-12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में सहायता केंद्र पर कोर्स-दाखिला संबंधी जानकारी व पंजीकरण के लिए पहुंची छात्राएं।

#### 31 मई तक होंगे पंजीकरण

विभिन्न महाविद्यालयों में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को 31 मई तक ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण पोर्टल पर करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद 11 जून को पहली फाइनल कट ऑफ जारी करने की तिथि निर्धारित की गई है, ताकि सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 15 जून तक फीस जमा करवाकर अपनी सीट सुनिश्चित करने के साथ महाविद्यालयों में प्रवेश पा सकें। वहीं इस बार महाविद्यालयों में पूरी प्रक्रिया नई शिक्षा नीति (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) के तहत लागू की गई है। सभी महाविद्यालय प्रबंधकों को पोर्टल पर प्रोफाइल संबंधी जानकारी से लेकर एडमिशन नोडल अधिकारी विवरण, बैंक संबंधी जानकारी, संचालित यूजी प्रोग्राम, फीस स्ट्रक्चर, विषय समूह व सीटों की संख्या दर्शाना अनिवार्य रखा गया है।

#### इस बार एक माह पहले शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया

*पिछले सत्र की अपेक्षा इस बार एक माह पहले दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई है। स्नातक के प्रारंभिक पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर शेड्यूल भी जारी कर दिया था। पहले पंजीकरण न बढ़ने का कारण परीक्षा परिणाम माना जा रहा था, लेकिन अब भी पंजीकरण प्रक्रिया की गाड़ी पटरी पर नहीं आई है। विद्यार्थी दाखिले को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उधर 12 मई के बाद जिले के सभी महाविद्यालय पोर्टल पर पंजीकरण के लिए नजर आने लगे हैं। इससे पहले उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने प्रोफाइल अपडेट नहीं करने से पोर्टल पर जिले के केवल 3 महाविद्यालय ही दर्शाया था।*

#### सीयूसीईटी की परीक्षा में उलझें विद्यार्थी

*जिले के अधिकतर विद्यार्थी केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी) में उलझे नजर आ रहे हैं। कई विद्यार्थियों का मोहाली, चंडीगढ़, दिल्ली, हिसार, कुरुक्षेत्र में सीयूसीईटी की विषय अनुसार परीक्षा के लिए चयन किया गया है। ऐसे में वह फिलहाल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाने से परहेज कर रहे हैं। यह विद्यार्थी दिल्ली व चंडीगढ़ विश्वविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों में दाखिला लेने के लिए प्रतीक्षारत हैं। इसके लिए विद्यार्थियों ने पहले से तैयारी भी की है। ऐसे में वह स्थानीय महाविद्यालयों में दाखिला लेने के प्रति सजग नहीं हैं।*

#### विद्यार्थी नहीं दिखा रहे काई खास दिलचस्पी

*उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने 7 मई को महाविद्यालयों में दाखिले का शेड्यूल जारी कर पोर्टल खोल दिया था। पंजीकरण को लेकर विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक महाविद्यालयों में सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। फिलहाल विद्यार्थी पंजीकरण प्रक्रिया में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। सभी के पास 31 मई तक पंजीकरण करवाने का समय है। वह अपने आवश्यक दस्तावेज परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र लाकर दाखिले के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।*

*-**डॉ. नरेश कुमार**, प्राचार्य, राजकीय महिला कॉलेज, सोनीपत*

### सब-जूनियर थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम का चयन



गन्नौर। रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में सब जूनियर थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा स्टेट टीम के खिलाड़ियों के चयन को लेकर ट्रायल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 19 मई से 23 मई 2026 तक मल्हार प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल, इंदौर (मध्यप्रदेश) में होगा। ट्रायल में प्रदेशभर से करीब 40 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। ओवरऑल कोच विनीत दहिया और हरियाणा थ्रो बॉल स्टेट सेक्रेटरी संजीत राठी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी मेहनत और लगन के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि यहां के विद्यार्थी राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ओम शांति शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने लिटरेरी फेस्टा में दिखाया प्रतिभा का दम



राई। ओम शांति शिक्षा सदन स्कूल के विद्यार्थियों ने सोनीपत में आयोजित हिंदी, इंग्लिश एवं संस्कृत लिटरेरी फेस्टा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में रुची, सुहानी और रिषिता ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं "बोलते चित्र" प्रतियोगिता में नैंसी और तनवी ने अपनी रचनात्मक सोच और सुंदर अभिव्यक्ति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इंग्लिश लिटरेरी फेस्टा के "रीड द क्लासिक्स" इवेंट में छात्रा पाखी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की। विद्यालय के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ साहित्यिक, भाषाई और रचनात्मक गतिविधियों में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार नई सफलताओं के साथ विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

### नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य का रखें ध्यान : अनिल

खरखौदा। सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा नशा मुक्ति एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं समाज पर उनके नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर नशा जागरूकता से संबंधित प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसमें युवाओं के जीवन पर नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना चाहिए। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन ड्रग अवेयरनेस सेल के सदस्यों डॉ सारिका, प्रीति, अमित के सहयोग दिया गया।

### 5वीं फास्ट5 सीनियर नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए 27 मई को ट्रायल

सोनीपत। पांडिचेरी में आयोजित होने वाली 5वीं फास्ट5 सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की पुरुष और महिला टीमों के चयन हेतु ट्रायल एवं कैंप 27 मई को आयोजित किया जाएगा। हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 से 28 जून 2026 तक वासवी इंटरनेशनल स्कूल मुथलपेट, पांडिचेरी में आयोजित होगी। इसमें हरियाणा की पुरुष और महिला टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के चयन और प्रशिक्षण के लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा। ट्रायल प्रक्रिया 27 मई से शुरू होगी और खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई, सोनीपत में रिपोर्ट करना होगा। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कैंप और टीम के लिए किया जाएगा।

### अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में दून स्कूल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

गोहाना। दून पब्लिक स्कूल गोहाना के विद्यार्थियों ने अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 16 मई को गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में सम्पन्न हुई। सोमवार को विजेताओं को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने



पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता में मानिक एवं अंशिका ने द्वितीय स्थान, हिंदी संवाद प्रस्तुतीकरण में युवराज एवं प्रीति खोखर ने द्वितीय, बुनो कहानी में तन्वी, युवाना, अवनी एवं सानवी ने तृतीय, संस्कृत संवाद प्रस्तुतीकरण में युविका, नव्या, रक्षित, हंशिका, काव्या एवं वंश ने तृतीय और अंग्रेजी भाषा में निजा, लाइव रिपोर्ट में विहान एवं शानवी मलिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त प्राप्त किया। विद्यालय के छात्रों ने आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के बल पर निर्णायकों को प्रभावित किया। दून स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास, भाषा कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# रौनक पब्लिक स्कूल के 27 विद्यार्थियों का एनसीसी आर्मी विंग के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल के 27 विद्यार्थियों का एनसीसी आर्मी विंग के लिए चयन हुआ। चयन प्रक्रिया के दौरान एनसीसी बटालियन से सूबेदार सतीश कुमार यादव और हवलदार परमजीत मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने पूरी चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। विद्यार्थियों ने चयन के विभिन्न चरणों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा, एनसीसी इंचार्ज गोविंद चौधरी और अध्यापिका सुमन भी उपस्थित रहीं। सभी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि एनसीसी में चयन विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह उनकी मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को दर्शाता है। एनसीसी इंचार्ज गोविंद चौधरी ने बताया कि इस चयन से



विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण से युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना मजबूत होती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों की सफलता को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### भाजपा सरकार की अर्थनीति फेल, देश आर्थिक संकट के दौर में : दीपेंद्र हुड्डा



राई। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार की अर्थनीति पूरी तरह फेल हो चुकी है और देश की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम आदमी का जीवन प्रभावित हो रहा है।पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हुआ है और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि भारतीय मुद्रा पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों की करेंसी से भी पिछड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने अर्थव्यवस्था का "भट्ठा बैठा दिया" है।उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पेट्रोल, डीजल और फर्टिलाइजर की कीमतें कभी इतनी अधिक नहीं रहीं, जितनी मौजूदा सरकार के दौरान बढ़ी हैं। उन्होंने दावा किया कि यूपीए सरकार के समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 140 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद गैस सिलेंडर 400 रुपये, पेट्रोल 70 रुपये और डीजल 50 रुपये के आसपास था तथा सरकार सब्सिडी भी देती थी। जबकि वर्तमान सरकार ने सब्सिडी समाप्त कर टैक्स बढ़ा दिए हैं।नीट परीक्षा पेपर लीक मामले पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि हर दूसरे साल पेपर लीक हो रहा है, जिससे युवा मानसिक तनाव और डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं।

### चीन में हुए वर्ल्ड वुशु कप में प्रताप स्कूल की अपर्णा ने जीता गोल्ड मेडल



खरखौदा। प्रताप स्कूल खरखौदा की खिलाड़ी अपर्णा दहिया ने चीन के मकाओ में आयोजित 11वें सांडा वुशु वर्ल्ड कप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अपर्णा का डोल नगाडों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल, प्रबंधक ओमप्रकाश दहिया संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, अपर्णा के पिता बिजेन्द्र दहिया, कोच विनोद गुलिया आदि ने अपर्णा का स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि अपर्णा इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप, एशियन वुशु कप, सीनियर एशियन वुशु चैंपियनशिप, ब्रिक्स गेम्स वुशु, इंटरनेशनल वुशु टूर्नामेंट में मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुकी है। प्राचार्या दया दहिया ने बताया कि अपर्णा की लगातार सफलताएं उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि अपर्णा दहिया युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वह एक कुशल खिलाड़ी के साथ-साथ मेधावी छात्रा है। उसने बारहवीं कक्षा मैरिट श्रेणी में पास की है।

### एचबीएसई परीक्षा : छिछड़ाना गांव के स्कूल में प्राची और हिमांशु रहे प्रथम



गोहाना। छिछड़ाना गांव में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। संस्कृत प्रवक्ता सतनारायण वशिष्ठ ने बताया कि कक्षा दसवीं में 15 और 12वीं कक्षा में 31 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। कक्षा दसवीं में प्राची पुत्री चमन लाल ने 90.8 प्रतिशत अंक, कक्षा 12वीं कला संकाय में हिमांशु पुत्र संजय ने 91.6 प्रतिशत अंक, विज्ञान संकाय में संजना पुत्री रमेश विकास पुत्र महावीर ने 83.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपिका पुत्री संदीप ने 86 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और राधिका पुत्री निरपत ने 84.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में राम भतेरी पुत्री राम मेहर 90.4 प्रतिशत अंक व आर्यन पुत्र राजेश 87.8 प्रतिशत अकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे विज्ञान संकाय में 82.4 प्रतिशत अंक लेकर विशाल पुत्र रणजीत द्वितीय स्थान पर रहे और तनीषा पुत्री राजवीर 82.2 प्रतिशत अकों के साथ तृतीय रही। प्राची पुत्री चमन लाल ने संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक लिए। इस अवसर पर शिक्षक ज्योति, रामकिशन, सपना, मनोज कुमार, संजय कुमार, सोमवती, प्रमिला, विनय, सविता, आशा, ओमकुमार, सतीश, राजेश कुमार मीना, सीमा, रितु, ब्रह्म दत्त, विनय, सारिका, संतराम, रविंद्र, आनंद, ममता बलजीत आदि उपस्थित रहे।